उज्जैन नगरीया बुला ले बाबा ओ मेरे महाकाल बस ऐसे दर्शन देना खुशी से बीते सारा साल

तर्ज - नौकर रख ले सांवरे हमको भी एक बार

उज्जैन नगरीया बुला ले बाबा ओ मेरे महाकाल
बस ऐसे दर्शन देना खुशी से बीते सारा साल

तेरी नगरिया में मेरे बाबा मन मेरा तो लगता है
तेरे भरोसे ही मेरे बाबा परिवार मेरा पलता है
बस कृपा ऐसी करना मेरा जीवन हो खुश हाल

बस ऐसे दर्शन देना खुशी से बीते सारा साल

तेरे द्वार पर आकर मैं तो डेरा लगा कर बैठा हूं
सुन लो बाबा मेरी बातें आखिर मैं तेरा तो बेटा हूं
फिर ऐसे तो मुस्कुराना कटे माया के जंजाल

बस ऐसे दर्शन देना खुशी से बीते सारा साल

एक तेरी झलक पाने को दुनिया सारी तरसती है
तेरी याद में मेरी अखियां पल- पल कितनी बरसती है
कुछ ऐसा करिश्मा करना लकी हो मालामाल

बस ऐसे दर्शन देना खुशी से बीते सारा साल

Lyrics - l ucky Shukl a

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/34265/title/ujjain-nagareeya-bula-le-baaba-o-mere-mahaakaal---bas-aise-darshan-dena-khushee-se-beete-saara-saal

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |